Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide adequate irrigation facilities in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा एवं अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के हापुड़ जिले में सिंचाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों की फसलें ख़राब हो रही है । बारिश के पानी को जमा करने का उचित प्रबंध नही होने के कारण किसानों को खेती के लिए तालाबों और नहरों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है । किसान यहाँ नलकूपों से खेती करने को मजबूर हैं ।

बरसात के समय नाले और रजवाहों की सिल्ट सफाई नहीं होने के कारण मेरे क्षेत्र के धनौरा व गढ़मुक्तेश्वर के गंगा खादर में अधिक फसल बर्बाद होता है । यहाँ रजवाहों की सिल्ट सफाई नहीं होती है कई वर्षों से सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है, जिस के कारण किसानों को खेती के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । अतः सरकार से ये मांग है कि किसानों की इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میرے پارلیمانی حلقہ امروہہ کے ہاپوڑ ضلع میں سینچائی کا مناسب انتظام نہ ہونے کی وجہ سے کسانوں کی فصلیں خراب ہو رہی ہیں۔ بارش کے پانی کو جمع کرنے کا مناسب انتظام نہیں ہونے کی وجہ سے کسانوں کو کھیتی کے لئے تالابوں اور نہروں سے پورا پانی نہیں مل پاتا ہے۔ کسان یہاں نل کوپوں سے کھیتی کرنے کو مجبور ہیں۔

برسات کے وقت نالوں اور رجواہوں کی سِلٹ صفائی نہ ہونے کی وجہ سے میرے حلقہ کے دھنورا اور گڑھ مکتیشور کے گنگا کھادرمیں زیادہ فصلیں برباد ہوتی ہیں۔ یہاں رجواہوں کی سِلٹ صفائی نہیں ہوتی ہے۔ کئی سالوں سے صرف خانہ پورتی کی جا رہی ہے، جس کی وجہ سے کسانوں کو کھیتی کے لئے بہت سی پریشانیوں کا سامنا کرنا پڑتا ہے۔ اس لئے میری سرکار سے یہ مانگ ہے کہ کسانوں کی اس پریشانی کا حل جلد سے جلد کرایا جائے ۔ شکریہ